By Speed Post

सत्यमेव जयते

No. Tour Report/01/Rajasthan/VC/2018-RU-II
Government of India
National Commission for Scheduled Tribes
*******

6th floor, 'B' Wing, Lok Nayak Bhawan
Khan Market, New Delhi-110 003
Date:-10th.09.2018

To

The Principal Secretary,
Tribal Area Development Department,
Government of Rajasthan
Secretariat, Jaipur,
Rajasthan.

Sub:- Tour Report of Ms. Anusuiya Uikey, Vice Chairperson, NCST on 16.06.2018 to 17.06.2018 visited to District- Banswara, Rajasthan regarding inspection of local tribal areas and participation of tribals in cultural programme.

Sir,

I am directed to enclose herewith a copy of Tour Report of Ms. Anusuiya Uikey, Vice Chairperson, National Commission for Scheduled Tribes from 16.06.2018 to 17.06.2018 visited to District- Banswara, Rajasthan on the above mentioned subject.

2. It is, therefore, requested to furnish the requisite information/Action Taken Report to this Commission on the above said Tour Report.

Yours faithfully,

Encl: As above

(S.P. Meena)
Assistant Director
Tel: 24657271

Copy for necessary action:-

1. The District Collector, District- Banswara, Rajasthan.
2. SAS, NIC, for uploading on the website of the Commission.

| राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग<br>भारत सरकार<br>सुश्री अनुसुईया उइके, उपाध्यक्ष<br>का दिनांक 16 जून 2018 से 17 जून 2018 तक बाँसवाड़ा, राजस्थान का क्षेत्रीय दौरा। |
|---|

| | |
|---|---|
| 1. दौरा करने वाले पदाधिकारियों के नाम | **सुश्री अनुसुईया उइके,**<br>**उपाध्यक्ष**<br>राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, भारत सरकार<br>**श्रीमती के.डी. बंसौर**<br>**परामर्शक**<br>राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, भारत सरकार |
| 2. दौरा की तिथि, दिन, दिनांक वर्ष | दिनांक 16 जून 2018 से 17 जून 2018 तक |
| 3. दौरा किये गये स्थान | बाँसवाड़ा, राजस्थान |
| 4. मुख्य व्यक्ति / अधिकारीगण संगठनों से मिले | 1. श्री अनुपम, समाज सेवक, (संगठन मंत्री) भारतीय मजदूर संघ, राजस्थान<br>2. श्री धन सिंह रावत माननीय ग्रामीण एवं विकास राज्य मंत्री राजस्थान सरकार<br>3. श्री धन सिंह रावत माननीय ग्रामीण एवं विकास राज्य मंत्री राजस्थान सरकार<br>4. श्री जयंत दिवेदी, संगठन मंत्री वनवासी ग्रामीण मजदूर संघ, राजस्थान<br>5. श्री जुगल किशोर जोशी, प्रभारी, भारतीय मजदूर संघ बांसवाड़ा, राजस्थान<br>6. श्री अमरसिंह सांखला, अध्यक्ष, नगरपालिका बांसवाड़ा ,राजस्थान<br>7. श्रीमती गीता शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष, आंगनवाड़ी कर्मचारी संघ, राजस्थान<br>8. संत श्री राम प्रकाश जी महाराज, बाँसवाड़ा राजस्थान<br>9. अन्य कार्यकर्ता श्रीमती प्रवीणा कलाल, श्रीमती ज्योति व्यास, श्री कांतिलाल यादव, श्री सब्बल सिंह सीजवाण, श्री मेरु चरपोटा, श्री सुरेश दिवेदी, श्रीमती कलावती ठाकुर, श्री औछब्लाल द्वे, श्री देवीलाल तेली, श्री राजेंद्र |

सुश्री अनुसुईया उइके/Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष/Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

| | |
|---|---|
| | पंचाल, श्री जसवंत सिंह पंवार, श्री अर्जुन सिंह चौहान, श्री रघुवीर सिंह पंवार, श्री तेज सिंह शेखावत, श्री हिरजी भाई, श्री महेश भावसार, श्री गजेन्द्र सिंह, श्री अशोक मेहता, श्री धनेश्वर, श्री रामपाल सेन, श्री नविन तेली, श्री निधि तंवर, श्री रमेश कटारा, एवं मजदूर संघ के स्टेट ट्रांसपोर्ट, हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड, एवं अन्य संगठित कंपनियो के कर्मचारियों ने भी सहभागिता की। |

5. **दौरे के मुख्य बिन्दु:**

- भारतीय मजदूर संघ, जिला बाँसवाड़ा 14 वाँ अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होना ।
- स्थानीय जनजातीय क्षेत्रों का निरिक्षण ।
- जनजातिय सांस्कृतिक कार्यकर्मों में सहभागिता ।

| **दिनांक 16 जून 2018** |
|---|
| 1. दिनांक 16 जून 2018 को नई दिल्ली एयरपोर्ट से बाँसवाड़ा राजस्थान के लिए प्रस्थान |

**दिनांक 17 जून 2018**

1. **प्रातः 08.00 बजे :-**

- जिला बाँसवाड़ा, राजस्थान के निकटवर्ती क्षेत्रों का निरीक्षण कर जनजातीय समस्याओं के निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया ।
- भारत माता मंदिर, रातीतलाई, बांसवाडा में संचालित भारत माता मंदिर न्यास, जनसेवा समिति, जनजातीय लोगों के पुनरुद्धार का काम करती है। इस संस्था द्वारा 1969 में बाँसवाड़ा जिला केंद्र पर जनजाति समाज (वनवासी) के छात्रों के लिए एक छात्रावास प्रारम्भ किया गया। इन वनवासी क्षेत्रों में रहने वाले बच्चों को शिक्षा की व्यवस्था नहीं थी वहां अब जनजाति बच्चों को शिक्षा मिलना शुरू हो गया और इसके साथ ही साथ यह संस्था वहां के जनजाति बच्चों को शिक्षा के साथ ही वनवासी संतों द्वारा संस्कार, वैदिक संस्कृति की भी शिक्षा देते है जो की जनजातीय धरोहर के लिए एक बहुत ही सराहनीय कदम है। वहां पर जनजातीय बच्चों को रोजगार के लिए भी रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण दी जाती है । संस्था ने हमें बताया की यह सब कार्य स्थानीय जनजाति समाज (वनवासी) के बंधुओं की सहभागिता से होती है। लगभग 70 प्रतिशत राशि स्थानीय जनजाति समाज से प्राप्त होता है सरकार से कोई भी राशि जनजाति कल्याण के लिए इस संस्था को नहीं प्राप्त होता है ।

सुश्री अनुसुईया उइके/Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष/Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

4



**भारतीय मजदूर संघ राजस्थान के जनजाति बाहुल्य बांसवाड़ा में आयोजित 14वें जिला अधिवेशन मे भाग लेते हुए**

2. **<u>प्रातः 10.00 बजे :-</u>**

➢ भारतीय मजदूर संघ राजस्थान के जनजाति बाहुल्य बांसवाड़ा में आयोजित 14वें जिला अधिवेशन में भाग लिया। अधिवेशन का शुभारंभ भारत माता एवं भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। अधिवेशन में मुख्य रूप से भारतीय मजदूर संघ, राजस्थान के क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री अनुपम जी की प्रमुख रूप से सहभागिता रही और उनके मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम को आयोजित किया गया।

सुश्री अनुसुईया उइके/Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष/Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi






भारतीय मजदूर संघ राजस्थान के जनजाति बाहुल्य बांसवाड़ा में आयोजित
14वें जिला अधिवेशन मे भाग लेते हुए

सुश्री अनुसुईया उइके/Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष/Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

- मैंने अपने उद्बोधन में उपस्थित जन समूह को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के विषय मे जानकारी दी तथा बताया कि देश में निवासरत 12 करोड़ जनजातियों के संवैधानिक प्रावधानों के सुरक्षण के लिये आयोग कार्य करता है। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग संवैधानिक संस्था है, और न्यायिक शक्तियों से युक्त है । देश के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत जनजातियों की समस्याओं के समाधान के लिए आयोग सदैव तत्परता से कार्य करता है।
- अधिवेशन में मुझे राजस्थान में कार्यरत आंगनवाड़ी एवं उषा कार्यकर्ताओं द्वारा अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया। गरीब आदिवासी महिलाएं जो इस क्षेत्र में आंगनवाड़ी और उषा कार्यकर्ताओं के रूप मे गरीब एवं समाज से वंचित बच्चों और महिलाओं को मुख्य धारा में लाने के लिए कार्य कर रही है। इनका कार्य इस समाज के लिए अत्यंत आवश्यक और अनिवार्य है, इसलिये उन्हें पर्याप्त वेतन व मानदेय मिलना चाहिए। इसके लिए सरकार को तत्काल ध्यान देने की जरूरत है तथा जनजाति क्षेत्रों में काम करने वाली महिलाओं की सुरक्षा एवं उनके समुचित तथा पर्याप्त मानदेय के लिए उचित व्यवस्था करने की जरुरत है। साथ ही उनकी अन्य तार्किक मांगो को भी पूरा करने का प्रयास किया जाना चाहिए ।
- इस अधिवेशन मे मैंने महिला सुरक्षा, महिला सम्मान, महिला शिक्षा, उनके प्रति होने वाले अपराध का डटकर मुकाबले करने की आवश्यकता पर ज़ोर देते हुये समाज का नजरिया बदलने, छात्राओं एवं समस्त महिलाओं को आत्मविश्वासी एवं साहसी बनने के लिये प्रेरित किया।




**जनजाति क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ मुलाक़ात करते हुए**

सुश्री अनुसुईया उइके/Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष/Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India
नई दिल्ली/New Delhi

(7)

6. <u>आयोग की अनुशंसाएं:-</u>

- इस प्रवास के दौरान राजस्थान में कार्यरत आंगनवाड़ी एवं उषा कार्यकर्ताओं द्वारा अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया। उन्हे समुचित वेतन तथा मानदेय प्राप्त नही हो रहा। उनकी कठिन परिस्थिति मे सेवा देने और उनकी जरूरतों को ध्यान मे रखते हुये इस दिशा मे तत्काल कार्यवाही कर उनके मानदेय बढ़ाने पर विचार किया जाना चाहिए। राज्य सरकार तत्काल इस दिशा मे जरूरी कदम उठाए। साथ ही जनजाति क्षेत्रों में काम करने वाली महिलाओं की सुरक्षा एवं उनके समुचित तथा पर्याप्त मानदेय के लिए उचित व्यवस्था करने की जरुरत है। उनकी अन्य तार्किक मांगो को भी पूरा करने का प्रयास किया जाना चाहिए ।

- प्रवास के दौरान मुझे जनजाति संगठनों और समाज से आवेदन पत्र प्राप्त हुये। इन सभी आवेदन पत्रों को संबन्धित विभागों के अधिकारियों को प्रेषित किया जाय और नियमानुकूल उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान कराया जाय। प्रवास के दौरान प्राप्त आवेदनों की सूची जिला कलेक्टर को अलग से प्रेषित कर उस पर एक माह के अंदर जानकारी मंगाई जाय।

सुश्री अनुसुईया उइके/Miss Anusuiya Uikey
उपाध्यक्ष/Vice Chairperson
राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग
National Commission for Scheduled Tribes
भारत सरकार/Govt. of India

सुश्री अनुसुईया उइके

**(दौरा करने वाले पदाधिकारी का हस्ताक्षर)**